Rediffusion/Edelman

Publication: Vidarbha ki Baat
Date: 12/09/2013
Edition: Nagpur
Page No: 06
Headline: Shouvik De, Kshitiz win Nagpurs 'Smart Tech Wizards' 2013

शौविक व क्षितिज बने स्मार्ट टेक विजार्ड्स के विजेता

विजेता जोड़ी करेगी मेगा फाइनल्स में नागपुर का प्रतिनिधित्व

नागपुर, 11 सितंबर। शहर के विभिन्न स्कूलों के 1,100 से अधिक छात्रों ने डा. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए होस्टेल के सामने, सिविल लाइंस, नागपुर में आयोजित टीसीएस आइटी विज में हिस्सा लिया। टीसीएस आइटी विज-देश के सबसे बड़े अंतर विद्यालय आइटी क्विज का आयोजन अग्रणी आइटी सर्विसेज, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन्स फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया था। नागपुर संस्करण के रिजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया। इसमें सेंटर प्वाइंट स्कूल नागपुर के शौविक डे और क्षितिज गुप्ता ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी भवंस बीपी विद्या मंदिर स्कूल के शहादाब खान और विश्वरूप खानोरकर को हराया। विजेताओं को आइपैड प्रदान किया गया, जबकि रनरअप को ग्लैक्सी टैबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी 'स्मार्ट टेक विजार्ड्स 2013' का खिताब जीतने के लिये मेगा फाइनल्स में नागपुर का प्रतिनिधित्व करेगी।

पुरस्कारों का वितरण चैतन्य साठे, वाइस प्रेसिडेंट और प्रमुख-बिजनेस ऑपरेशन्स, टीसीएस मुंबई द्वारा किया गया। सोशल मीडिया आउटरीच प्रोग्राम के रूप में रियल-टाइम में छात्रों को संलग्न करने के लिये एक संवादपरक ट्वीटर कॉन्टेस्ट का आयोजन भी क्विज के दौरान किया गया। रीजनल फाइल्स के दौरान 1749 लाइव ट्वीट्स दर्ज किये गये। इस वर्ष टीसीएस आइटी विज, स्मार्ट टेक विजार्ड की तलाश, का आयोजन देशव्यापी स्तर पर 14 स्थानों-अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इन्दौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर एवं पुणे में किया जायेगा। विजेता का खिताब जीतने के लिये यूएई संस्करण के विजेता भी इस मेगा फाइनल्स में भिड़ेंगे। लिखित परीक्षा में आयोजन स्थल पर मौजूद सभी टीमों के लिये 20 प्रश्न थे। ये सवाल मौखिक, दृश्य और ऑडियो विजुअल रूप में थे। लिखित परीक्षा में चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 6 टीम रीजनल फाइनल परीक्षा में शामिल हुई।

क्विज के रीजनल फाइनल की प्रमुख विशिष्टता एनिमेशन आधारित क्विज सॉफ्टवेयर थी, जिसे विशिष्ट फॉर्मेट के साथ क्विजमास्टर पिकब्रेन और उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया था। मंच पर उपस्थित होने वाले 6 फाइनलिस्ट्स (टीमों) को भी टीसीएस की ओर से डबल डफल जिम बैग, हेडफोन्स, यूएसबी पेन ड्राइव, नोटबुक स्पीकर्स और टी-शर्ट्स प्रदान किये गये। टीसीएस आइटी विज में 8वी से 12वीं तक (जूनियर कॉलेज के प्री यूनिवर्सिटी छात्रों सहित) के स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया।

सवाल-जवाब प्रतियोगिता सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि इंटरनेट और विशिष्ट वेबसाइट्स की दुनिया, आइटी बज्जवर्ड और एक्रोनिम्स, आइटी पर्सोनेलिया - अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय, आइटी के विज्ञापनों और कम्यूनिकेशन कंपनियां, सॉफ्टवेयर उत्पादों और ब्रांड्स, आइटी के इतिहास और साथ-ही-साथ आइटी के विनोदी पक्षों में सूचना प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन पर केंद्रीत होगी। क्विज में उन विषयों को भी शामिल किया जाएगा, जिनका प्रभाव शिक्षा, मनोरंजन, पुस्तकों, मल्टिमीडिया, संगीत, फिल्मों, इंटरनेट, बैंकिंग, विज्ञापन, खेल-कूद, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग, ब्लॉगिंग, सेल फोन आदि पर पड़ता है। इसके साथ ही टीसीएस पर एक विशिष्ट राउंड को भी क्विज में शामिल किया जायेगा। टीसीएस आइटी विज, भारत में सबसे बड़ी अंतर विद्यालय आइटी क्विज प्रतियोगिता है, जिसकी शुरुआत 1999 में कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत की गई थी। एशिया के सबसे बड़े आइटी फर्म के रूप में, टीसीएस, टेक्नोलॉजी के संदर्भ में जागरुकता का प्रसार करने में मदद करने और युवा छात्रों के लिये सूचना प्रौद्योगिकी के संसार का द्वार खोलने में प्रमुख भूमिका निभाती है। टीसीएस आइटी विज के माध्यम से, कंपनी का उद्देश्य स्कूली छात्रों में सूचना-प्रौद्योगिकी के प्रति दिलचस्पी उत्पन्न करना और उन संभावनाओं का विकास करना है, जो युवा जिज्ञासू, मस्तिष्क में ऊर्जा और जुनून का संचार करते हैं। आइटी, मौजूदा समाज और अर्थव्यवस्था में अभिन्न भूमिका निभाती है और विविध क्षेत्रों में सफलता अर्जित करने का यह एक प्रमुख साधन है।